CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 285 ▫ रायपुर, शनिवार 9 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, उप निरीक्षक की मौके पर ही मौत, 4 की हालत गंभीर



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही.** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में अनुपपुर मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. यह हादसा मेडुका गांव में हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार लोग कानपुर, उत्तर प्रदेश से कोरबा वापस लौट रहे थे. इसी दौरान सुबह करीब 6 बजे अनुपपुर-वेंकटनगर से गौरेला की जाते हुए स्कॉर्पियो गाड़ी के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया. कुत्ता सामने आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और 3-4 बार पलटते हुए सड़क के किनारे जा गिरी.

इस हादसे में थाना पाली के उप निरीक्षक विलायत हुसैन (56 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि अन्य 4 सवार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में आरक्षक नारायण कश्यप, आरक्षक शैलेंद्र कंवर, गाड़ी चालक करमु और सहायक गोपी कुमार शामिल हैं.

## पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुआ घातक विस्फोट 24 लोगों की मौत, कई घायल



नई दिल्ली, 9 नवम्बर (न्यूज चैनल)। शनिवार की सुबह क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर एक भयानक विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज़्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। यह विस्फोट भीड़भाड़ वाले प्लेटफ़ॉर्म पर हुआ, जब यात्री स्टेशन से रवाना होने वाली दो प्रमुख ट्रेनों में से एक, जफ़र एक्सप्रेस में सवार होने की तैयारी कर रहे थे।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, जफ़र एक्सप्रेस सुबह 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन विस्फोट होने के समय वह अभी प्लेटफ़ॉर्म पर नहीं पहुँची थी, जिससे संभवत: और अधिक हताहत होने से बचा जा सके। विस्फोट प्लेटफ़ॉर्म के पास स्टेशन के बुकिंग ऑफ़िस को निशाना बनाकर किया गया, जहाँ सुबह-सुबह ट्रेनों के आने की उम्मीद में भीड़ जमा हो गई थी। विस्फोट के प्रभाव से स्टेशन में हड़कंप मच गया,

### मचा हड़कंप

जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और वे सुरक्षित बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और घायलों को क्वेटा के सिविल अस्पताल में पहुँचाया। अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है, तथा बड़ी संख्या में हताहतों की देखभाल के लिए अतिरिक्त चिकित्सा कर्मचारियों को बुलाया गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीजेआई चंद्रचूड़ हुए रिटायर

**नई दिल्ली**, 9 नवम्बर (न्यूज चैनल)। 8 नवंबर भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल का अंतिम दिन था। अपने अंतिम कार्य दिवस पर डीवाई चंद्रचूड़ ने कृतज्ञता और विनम्रता के साथ अपनी न्यायिक यात्रा पर विचार साझा किया। इस दौरान वो भावुक भी नजर आए। उन्होंने कहा कि अगर मैंने कभी अदालत में किसी को ठेस पहुंचाई है, तो कृपया मुझे उसके लिए माफ कर दें। पूर्व सीजेआई वाईवी चंद्रचूड़ के बेटे के रूप में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के पद तक पहुंचने वाले पिता-पुत्र की एकमात्र जोड़ी रही थी। न्यायमूर्ति वाईवी चंद्रचूड़ को 1978 में सीजेआई के पद पर नियुक्त किया गया था और वह 1985 में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने इस पद पर सात साल के सबसे लंबे कार्यकाल तक सेवा की हैं। उनके बेटे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल दो साल से थोड़ा अधिक का रहा। अपने कार्यकाल के दौरान, वाईवी चंद्रचूड़ ने संजय गांधी को फिल्म किस्सा कुर्सी का के एक मामले में जेल की सजा सुनाई थी।



**संजीव खन्ना होंगे अगले चीफ जस्टिस**- सुप्रीम कोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे संजीव खन्ना 11 नवंबर को देश के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत का सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश भारत का मुख्य न्यायाधीश बनता है। इस परंपरा के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई बनने के लिए सबसे वरिष्ठ हैं। हालांकि, उनका कार्यकाल केवल 6 महीने का होगा, और वे 13 मई 2025 में रिटायर हो जाएंगे।

### वोटिंग से पहले सीएम हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार के घर छापेमारी



**नई दिल्ली,** 9 नवम्बर (न्यूज चैनल)। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राज्य में ताजा घटनाक्रम में आयकर विभाग ने हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार सुनील श्रीवास्तव और उनसे जुड़े कई लोगों के खिलाफ छापेमारी की। रिपोर्टों में बताया गया है कि श्रीवास्तव से जुड़े 16-17 स्थानों पर छापे मारे गए, जिनमें उनके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के घर भी शामिल थे। फिलहाल विभिन्न स्थानों पर छापेमारी चल रही है, जिसमें रांची में सात और जमशेदपुर में नौ जगहें शामिल हैं, जिनमें जमशेदपुर स्थित अंजनिया स्टील और अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों के परिसर भी शामिल हैं।

## पिता पर फावड़ा से वार कर पुत्र ने उतारा मौत के घाट



दुर्ग, 9 नवंबर (हाईवे चैनल)। आपसी विवाद के बाद पुत्र ने सो रहे बुजुर्ग पिता के सिर पर फावड़ा मारकर हत्या कर दी। पूरा परिवार छठ मनाने झारखंड गया हुआ था। घर पर अकेले पिता पुत्र ही थे। खुर्सीपार पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार श्याम नारायण पिता देवनाथ सिंह उम्र ६५ वर्ष पता सड़क ५२ बी,११/सी बालाजी नगर जोन २ खुर्सीपार भिलाई व पुत्र करण नारायण सिंह दोनों के मध्य अक्सर विवाद हुआ करता था। पिता के द्वारा करण को नियमित रूप से रोजगार करने के लिए कहा जाता था। जिसके कारण करण अपने पिता से नाराज रहता था। छठ पर्व होने के कारण श्याम नारायण का परिवार त्योहार मनाने के लिए रांची झारखंड गया हुआ था। कल रात को घर पर दोनों पिता पुत्र अकेले थे। पुत्र करण ने सो रहे पिता के सिर पर फावड़े से घातक वार किए गए। जिसके कारण बिस्तर पर ही बुजुर्ग श्याम नारायण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आरोपी करण नारायण सिंह को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

## मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी नक्सली ढेर एके 47 समेत कई हथियार बरामद



**बीजापुर,** 9 नवम्बर (हाईवे चैनल)। । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के रेखापल्ली में जवानों ने मुठभेड़ में 03 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है, जवानों ने मृत माओवादियों के शव भी बरामद किये है, वहीं नक्सलियों के कब्जे से 01 नग स्नाइपर एसएलआर राइफल , 01 नग निशानची हथियार, 01 नग 12 बोर राइफल , 02 नग भरमार रायफल सहित अन्य आर्म्स एम्युनेशन भी बरामद हुआ है.

डीआरजी/ एसटीएफ/ कोबरा/ सीआरपीएफ का संयुक्त टीम जिला बीजापुर के उसूर-बासागुड़ा-पामेड़-तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सर्चिंग अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान में सर्चिंग के दौरान आज करीबन सुबह 11 बजे से लगातार रेखापल्ली- कोमठपल्ली के जंगलों-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ के बाद घटना स्थल में सुरक्षा बलों द्वारा सर्चिंग के दौरान 03 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों का शव और 01 नग एसएलआर राइफल, 01 नग निशानची हथियार , 01 नग 12 बोर राइफल, 02 नग भरमार रायफल सहित अन्य आर्म्स एम्युनेशन आदि भी बरामद किए गए हैं. मुठभेड़ में मारे गये 03 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों की शिनाख्तगी की कार्यवाही की जा रही है. मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्च अभियान जारी है.

## सड़कों के निर्माण में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए : गडकरी




### बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर केन्द्रीय परिवहन मंत्री का आया बयान

**रायपुर,** 9 नवम्बर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार (8 नवंबर) को सड़क दुर्घटनाओं और उसके कारण होने वाली मौतों की बढ़ती संख्या की ओर ध्यान आकर्षित किया और देश में सड़कों के निर्माण में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। गडकरी ने कहा कि अगर भविष्य में सड़क इंजीनियरिंग की गलती के कारण किसी की मौत होती है तो इसके लिए वह खुद दोषी होंगे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सरकारी इंजीनियरों से अपनी नौकरी छोड़कर एक अच्छी डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने वाली कंपनी शुरू करने का आग्रह किया और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम देने का आश्वासन दिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में पराली से बिटुमेन और सीएनजी के उत्पादन पर जोर दिया और तर्क दिया कि इस कदम से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण पर लगाम लगेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए कई सड़क परियोजनाओं की घोषणा की और कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले दो वर्षों में राज्य में अमेरिका जैसा सड़क नेटवर्क होगा। मंत्री ने कहा, हर साल सड़क दुर्घटनाओं के कारण 1.50 लाख मौतें होती हैं, जो अब बढ़कर 1.68 लाख हो गई हैं। सड़क इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में कमियों को सुधारने के प्रयास जारी हैं, लेकिन दोषपूर्ण डीपीआर ने बड़ी समस्या पैदा कर दी है।


उन्होंने कहा, हम सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं के लगभग 60 प्रतिशत पीड़ित 18 से 34 वर्ष की आयु के हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि ऐसी सड़कें बनाएं जहां कोई दुर्घटना न हो (दोषपूर्ण इंजीनियरिंग कार्यों के कारण)। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और लोगों की जान बचेगी।

## टीवी एक्टर नितिन कुमार सत्यपाल का निधन, फांसी पर लटकी मिली लाश



**नई दिल्ली,** 9 नवम्बर (न्यूज चैनल)। टीवी एक्टर नितिन कुमार सत्यपाल को लेकर हाल ही में बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि नितिन कुमार सत्यपाल अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने कथित तौर पर सुसाइड कर लिया है, जिसने पूरी टीवी इंडस्ट्री को तगड़ा झटका दिया है। हाल ही टीवी एक्टर नितिन चौहान अपने फ्लैट पर मृत पाए गए थे और नितिन कुमार सत्यपाल की सुसाइड की खबर ने सबको चौंता दिया है। 35 साल के एक्टर ने यशोधम एरिया में स्थित अपने अपार्टमेंट में पंखे से लटककर जान दे दी।

नितिन कुमार सत्यपाल की पत्नी ने बताया कि वह बेटी को लेकर पार्क गई थीं, लेकिन जब घर वापस लौटीं तो गेट अंदर से बंद था। पत्नी ने दरवाजा बार-बार खटखटाया पर कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में पत्नी ने शोर मचाया। किसी तरह वह फ्लैट के अंदर घुसीं और फिर जो नजारा दिखा उसने उनके होश उड़ा दिए। पत्नी ने सामने नितिन कुमार को फांसी के फंदे से लटके हुए पाया। एक्टर का परिवार सदमे में है और पुलिस ने एक्सिडेंटल मौत का मामला दर्ज कर लिया है। एक वेबपोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने आधिकारिक बयान में बताया कि नितिन कुमार सत्यपाल डिप्रेशन में थे। वह कई साल से डिप्रेशन की दवाइयां ले रहे थे।




चूहा- सुनती हो, उद्धव ठाकरे ने प्रदूषण को लेकर दीवाली न मनाने को कहा था।

चुहिया- हां जी, महाराष्ट्र में ही तो ज्यादा फटाके फूटे हैं...!

## लहसुन-प्याज ने बिगाड़ा किचन का जायका

### महंगाई की मार



**रायपुर/भाटापारा,** 9 नवम्बर (हाईवे चैनल)। लहसुन व प्याज के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है लहसुन के दाम जहां कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है वहीं दूसरी तरफ अब प्याज के दामों में भी तेजी देखने को मिल रही है चिल्हर में जहां 80 रुपए तक प्याज के दाम पहुंच चुके हैं वही होलसेल में भी 55 से 60 रुपए किलो में बिक रहा है लहसुन की बात करें तो वह 300 से ऊपर पहुंच चुका है हरी सब्जियों के साथ-साथ लहसुन प्याज के दामों में बढ़ोतरी से कहीं ना कहीं किचन का जायका बिगड़ चुका है लोगों को लहसुन प्याज का उपयोग करने के लिए सोचना पड़ रहा है जहां पहले लोग किलो भर प्याज ,लहसुन खरीदते थे वहीं अब चिल्हर से काम चलाना पड़ रहा है खासकर त्यौहारी सीजन में लहसुन प्याज का उपयोग बड़ी मात्रा में लोगों के द्वारा किया जाता है ऐसे में दामों में बढ़ोतरी ने कहीं ना कहीं सब्जियों का स्वाद भी फीका कर दिया है.

कम से कम 20 दिन ऐसी ही तूफानी तेजी के बीच लहसुन की खरीदी करनी होगी उपभोक्ताओं को क्योंकि नई फसल पखवाड़े भर के बाद ही आने की संभावना है। लहसुन को साथ मिल रहा है, उस प्याज का जिसने खुदरा बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई अपने नाम कर ली है। आंशिक राहत वह आलू दे रहा है जिसे महंगी सब्जियों का हमेशा से विकल्प माना जाता है। क्रय शक्ति के भीतर माना जा रहा आलू इस समय सर्वाधिक मांग में है। **आपको बता दें कि** होलसेल मार्केट में लहसुन बोल्ड 280 से 310 रुपए किलो और लहसुन लाडवा 250 से 280 रुपए किलो भले ही बोली जा रही है लेकिन खुदरा दुकानों में लहसुन की उपलब्धता 360 से 400 रुपए किलो की दर पर हो रही है। ऐन सीजन की शुरुआत में आई यह तेजी इसलिए लंबी अवधि तक बनी रह सकती है क्योंकि उत्पादक क्षेत्र से नई फसल में पखवाड़े भर का अतिरिक्त समय लगने की खबर आ रही है। **वहीं** प्याज 55 से 60 रुपए किलो। थोक बाजार की यह दर चिल्हर बाजार पहुंचते तक 75 से 80 रुपए किलो हो जा रही है। तेजी की अवधि लंबी हो सकती है क्योंकि भंडार गृहों में प्याज का भंडार लगभग अंतिम चरण में है। इसकी वजह से आपूर्ति का प्रवाह धीमा होने लगा है। फलस्वरुप नई आवक तक उपभोक्ताओं को प्याज की भी खरीदी ऊंची कीमत में करनी होगी।

### आने वाले दिनों में प्याज के दामों में आएगी कमी : दोशी

रायपुर शहर के होलसेल आलू प्याज लहसुन के विक्रेता जितेंद्र दोशी का कहना है कि आने वाले दिनों में प्याज के दामों में गिरावट आएगी त्योहारी सीजन व नया माल नहीं आने की वजह से प्याज के दामों में बढ़ोतरी हुई है वहीं अब धीरे-धीरे नया माल आने लगा है जिससे दामों में गिरावट देखने को मिलेगी वहीं फिलहाल लहसुन के दामों में अभी गिरावट आने की संभावना नहीं है आने वाले दिनों में संभवत: कुछ कमी देखने को मिल सकती है.

CMYK